Moneywise. Be wise.

दैनिक कमोडिटी रिपोर्ट (मेटल एवं एनर्जी) 23 जून 2022

अतंराष्ट्रीय बाजार

COMEX/NYMEX/ICE (कीमती धातुएं एवं एनर्जी)

कमोडिटी	कॉन्ट्रैक्ट	एक्सपायरी	बंद भाव
चांदी	जुलाई	27.07.22	21.42
सोना	जुलाई	28.07.22	1835.20
कच्चा तेल	अगस्त	20.07.22	106.19
ब्रेंट कच्चा तेल	अगस्त	30.06.22	111.74
नेचुरल गैस	जुलाई	28.06.22	6.86

करेंसी / कमोडिटी इंडेक्स

करेंसी	वर्तमान भाव
अमेरिकी डॉलर/भारतीय रूपया'	78.16
डॉलर इंडेक्स	104.22
यूरो/अमेरिकी डॉलर	1.06
सीआरबी इंडेक्स	329.48

LME (बेस मेटल्स) (डॉलर/टन)

कमोडिटी		बंद भाव
तांबा	नकद	8773.00
एल्युमिनियम	नकद	2479.50
जिंक	नकद	3536.50
लेड	नकद	2020.50
निकल	नकद	24449.00

19000.00 -

SHFE (बेस मेटल्स) (युवॉन/टन)

कमोडिटी	माह	बंद भाव
तांबा	15 जुलाई 22	68000.00
एल्युमिनियम	15 जुलाई 22	19725.00
जिंक	15 जुलाई 22	25615.00
लेड	15 जुलाई 22	15145.00

घरेलू बाजार

MCX / ICEX

कमोडिटी	एक्सपायरी	बंद भाव	ट्रेंड**	ट्रेंड बदलाव की तिथि	ट्रेंड में बदलाव की दर	क्लोजिंग स्टॉप लॉस
बुलडेक्स	24.06.22	14393.00	मंदी	10.05.22	14355.00	15500.00
चांदी	05.07.22	60648.00	मंदी	10.05.22	60618.00	62500.00
सोना	05.08.22	50904.00	मंदी	10.05.22	50586.00	52000.00
कच्चा तेल	19.07.22	8351.00	मंदी	17.06.22	8373.00	8750.00
नेचुरल गैस	27.06.22	538.30	मंदी	14-Jun-22	573.6	640.00

कमोडिटी	एक्सपायरी	बंद भाव	ट्रेंड**	ट्रेंड बदलाव की तिथि	ट्रेंड में बदलाव की दर	क्लोजिंग स्टॉप लॉस
तांबा	30.06.22	730.40	साइडवेज	27.04.22	788.90	-
एल्युमिनियम	30.06.22	217.10	मंदी	10.05.22	232.00	260.00
जिंक	30.06.22	316.80	साइडवेज	23.05.22	326.60	-
लेड	30.06.22	187.20	मंदी	13.05.22	180.15	188.00
निकल	30.06.22	2159.20	साइडवेज	28.04.22	2603.80	-
मेटलडेक्स	20.07.22	18614.00	साइडवेज	10.05.22	19000.00	-

**यह इंट्रा-डे कारोबार के लिए नहीं है। रूझानों का विश्लेषण बंद भाव के आधार पर करना चाहिए ।

22.06.2022 को सभी बंद भाव

सर्राफा आउटलुक

सर्राफा में बिकवाली होने की संभावना है । सोने की कीमतों को 50500 पर सपोर्ट और 51100 पर रेजिस्टेंस रह सकता है। चांदी की कीमतों में नरमी का रूझान रहने की संभावना है और कीमतों को 61800 के स्तर पर रेजिस्टेंस के साथ 60900 रू पर सपोर्ट रह सकता है। फेडरल रिजर्व के प्रमुख ने कहा कि केंद्रीय बैंक मुद्रास्फीति पर लगाम लगाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है, और इस प्रक्रिया में मंदी की संभावना से इंकार करने के बाद, आज सोने की कीमतों में नरमी दर्ज की गई है लेकिन कमजोर डॉलर और अमेरिकी ट्रेजरी यील्ड में कमी कीमतों को थोड़ा समर्थन मिला है। केंद्रीय बैंक के प्रमुख जेरोम पॉवेल ने बुधवार को कहा कि फेड मुद्रास्फीति को रोकने के लिए मंदी लाने की कोशिश नहीं कर रहा है, लेकिन कीमतों को नियंत्रण में लाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है, भले ही ऐसा करने से आर्थिक मंदी का खतरा हो। डॉलर के कमजोर होने से अन्य मुद्राएं रखने वाले खरीदारों के बीच बुलियन की मांग को मदद मिली है। बेंचमार्क अमेरिकी 10-वर्षीय ट्रेजरी यील्ड में भी कमी आई, जिससे सोना अधिक आकर्षक हो गया। दुनिया में सोने के सबसे बड़े एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड एसपीडीआर गोल्ड ट्रस्ट, की होल्डिंग बुधवार को 0.19% गिरकर 1,071.77 टन हो गई, जो मंगलवार को 1,073.80 टन थी।

बेस मेटल आउटलुक

बेस मेटल की कीमतों में मिला-जुला रूझान रहने की संभावना है । तांबे की कीमतें 725-734 के दायरे में कारोबार कर सकती है। चीन में कोविड-19 चिंताओं और अमेरिकी ब्याज दरों में आक्रामक बढ़ोतरी से वैश्विक अर्थव्यवस्था के मंदी की ओर जाने की आशंका से धातुओं की मांग में कमी की चिंता के कारण तांबे की कीमतों में आज 16 महीने के निचले स्तर पर पहुंच गई है । जून में जापान की फैक्ट्री गतिविधि की वृद्धि धीमी हो गई क्योंकि चीन के सख्त कोविड-19 प्रतिबंधों के कारण मैनुफैक्चरिंग मांग पर असर पड़ा। पेरू के एंडीज पहाड़ों में एक समुदाय ने बुधवार को एमएमजी लिमिटेड की लास बंबास तांबे की खदान द्वारा उपयोग किए जाने वाले राजमार्ग की नाकाबंदी को निलंबित कर दिया, सड़क के उपयोग पर सरकार और कंपनी के साथ बातचीत करने के लिए सहमत हो गया है। दुनिया के सबसे बड़े तांबा उत्पादक चिली की सरकारी स्वामित्व वाली खनन कंपनी कोडेल्को के श्रमिकों ने पर्यावरणीय मुद्दों पर एक स्मेल्टर को बंद करने के विरोध में बुधवार को एक बड़ी हड़ताल शुरू की। निकल में उठापटक के साथ कारोबार हो सकता है और कीमतों को 2140 पर सपोर्ट और 2170 पर रेजिस्टेंस रह सकता है। इंटरनेशनल निकेल स्टडी ग्रुप के आंकड़ों से पता चलता है कि वैश्विक निकल बाजार में अप्रैल में निकल की कमी 200 टन रह गई है, जो एक महीने पहले 8,900 टन की कमी थी। जिंक में खरीददारी हो सकती है और कीमतों को 314 पर सपोर्ट और 318 पर रेजिस्टेंस रह सकता है। लेड की कीमतें तेजी के रूझान के साथ 181-185 के दायरे में कारोबार कर सकती है। एल्युमीनियम की कीमतें तेजी के रूझान के कारोबार कर सकती है और 215 के सपोर्ट और 220 पर रेजिस्टेंस रह सकता हैं।

एनर्जी आउटलुक

कच्चे तेल में बिकवाली होने की संभावना है। कीमतों के 8180-8380 के दायरे में कारोबार करने की संभावना है। आज के शुरुआती कारोबार में तेल की कीमतों में गिरावट जारी रही और कुल 2% की गिरावट देखी जा रही है क्योंकि निवेशकों को चिंता है कि अमेरिकी ब्याज दरों में आक्रामक बढ़ोतरी से मंदी का खतरा और ईंधन की मांग में कमी हो सकती है। दोनों बेंचमार्क कच्चे तेल की कीमतें कल लगभग 3% गिरकर मई के मध्य के बाद से अपने सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई। निवेशक यह आकलन कर रहे हैं कि केंद्रीय बैंकों द्वारा दरों में बढ़ोतरी से विश्व अर्थव्यवस्था को मंदी की ओर जाने को लेकर उन्हें कितना चिंतित होना चाहिए क्योंकि वे ब्याज दर में वृद्धि के साथ मुद्रास्फीति को रोकने का प्रयास कर रहे हैं। अमेरिकी केंद्रीय बैंक के प्रमुख जेरोम पॉवेल ने बुधवार को कहा कि फेडरल रिजर्व मुद्रास्फीति को रोकने के लिए मंदी लाने की कोशिश नहीं कर रहा है, लेकिन कीमतों को नियंत्रण में लाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है, भले ही ऐसा करने से आर्थिक मंदी का खतरा हो। इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने तेल की रिकॉर्ड कीमतों का मुकाबला करने और इस गर्मी में अमेरिकी परिवारों के लिए अस्थायी राहत प्रदान करने कांग्रेस से संघीय गैसोलीन कर के तीन महीने के निलंबन को पारित करने का आह्वान किया। नेचुरल गैस में बिकवाली होने की संभावना है और कीमतों को 530 के स्तर पर सपोर्ट और 544 के स्तर पर रेजिस्टेंस रह सकता है।

प्रमुख आर्थिक आंकड़ें

भारतीय समयानुसार	आर्थिक आंकड़ें	महत्व	संभावित	पिछला	प्रभावित कमोडिटी	प्रभाव
18:00	अमेरिकी इनिशियल जॉबलेस क्लेम	अधिक	227K	229K	मेटल एवं एनर्जी	प्रतिकूल
18:00	अमेरिकी कंटीन्यूइंग जॉबलेस क्लेम	अधिक	1,315K	1,312K	मेटल एवं एनर्जी	अनुकूल
19:15	अमेरिकी मैनुफैक्चरिंग पीएमआई (जून)	अधिक	56.0	57.0	मेटल एवं एनर्जी	अनुकूल
19:15	अमेरिकी सर्विस पीएमआई (जून)	अधिक	53.5	53.4	मेटल एवं एनर्जी	प्रतिकूल
20:00	ईआईए नेचुरल गैस का भंडार	अधिक	96B	92B	नेचुरल गैस	प्रतिकूल
20:30	ईआईए कच्चे तेल का भंडार	अधिक	-1.433M	1.956M	कच्चा तेल	अनुकूल
20:30	ईआईए गैसोलीन का भंडार	अधिक	-0.600M	-0.710M	कच्चा तेल	अनुकूल

वंदना भारती एवीपी कमोडिटी रिसर्च फोन न. 011-30111000 एक्सटें. 625 vandanabharti@smcindiaonline.com

शिवानन्द उपाध्याय रिसर्च एसोसिएट फोन न. 011-30111000 एक्सटें. 646 shivanand@smcindiaonline.com

आप इस रिपोर्ट को हमारी वेबसाइट पर भी देख सकते हैं- www.smctradeonline.com

Moneywise. Be wise.

Corporate Office:
11/6B, Shanti Chamber,
Pusa Road, New Delhi - 110005
Tel: +91-11-30111000
www.smcindiaonline.com

Mumbai Office:
Lotus Corporate Park, A Wing 401 / 402 , 4th Floor , Graham Firth Steel Compound, Off Western Express Highway, Jay Coach Signal, Goreagon (East) Mumbai - 400063
Tel: 91-22-67341600, Fax: 91-22-67341697

Kolkata Office:
18, Rabindra Sarani, Poddar Court, Gate No-4,
5th Floor, Kolkata-700001
Tel.: 033 6612 7000/033 4058 7000
Fax: 033 6612 7004/033 4058 7004

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड (जिसे एसएमसी कहा जाता है) का नियमन भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा किया जाता है और इसे ब्रोकिंग व्यवसाय, डिपॉजिटरी सेवायें और संबंधित सेवायें करने का लाइसेंस प्राप्त है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड, एमएसईआई(मेट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड) का रजिस्टर्ड सदस्य है और एम/एस एसएमसी कॉमट्रेड नेशनल कमोडिटी एवं डेरिवेटिव्स एक्सचेंज लिमिटेड और मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया और भारत के अन्य कमोडिटी एक्सचेंजों का रजिस्टर्ड सदस्य है। इसकी सहयोगी एमसीएक्स स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड की सदस्य हैं। एसएमसी सीडीएसएल(CDSL) और एनएसडीएल(NSDL)के साथ डिपॉजिटरी भागीदार के रूप में भी रजिस्टर्ड है । एसएमसी के अन्य एसोसिएट सेबी और भारतीय रिजर्व बैंक के साथ मर्चेंट बैंकर, पोर्टफोलियो मैनेजर के रूप में रजिस्टर्ड है। यह म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर के रूप में एएमएफआई(AMFI) में भी रजिस्टर्ड है ।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड सेबी (रिसर्च एनॉलिस्ट)रेगुलेशन 2014 के तहत रिसर्च एनॉलिस्ट के लिए रजिस्ट्रेशन संख्या INH100001849 के साथ रजिस्टर्ड संस्था है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड या इसके सहयोगियों को सेबी द्वारा अन्य किसी रेगुलेटरी एथॉरिटी द्वारा सिक्योरिटीज मार्केट/कमोडिटी मार्केट में कारोबार के लिए प्रतिबंधित/निलंबित नही किया गया है। रिपोर्ट में रिसर्च एनॉलिस्टों द्वारा व्यक्त की गई राय केवल सार्वजनिक रूप से प्राप्त सूचनाओं/इंटरनेट आंकड़ों/अन्य विश्वसनीय स्रोतों, जिन्हे सत्य माना जाना जाता है, पर आधारित है। एसएमसी रिपोर्ट में व्यक्त राय या सामग्री की शुद्धता को लेकर कोई आश्वासन नही देता है और निवेशकों को सलाह दी जाती है कि निवेश के लिए कोई भी निर्णय करने से पहले बाजार की परिस्थितियों/जोखिमों का स्वतंत्र रूप से मूल्यांकन करें । रिसर्च एनॉलिस्ट, जिन्होंने इस रिपोर्ट को तैयार किया है, एतद् द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि इस रिपोर्ट में विशेष कमोडिटी के संदर्भ में व्यक्त किया गया विचार/राय उनके निजी स्वतंत्र विचार/राय है।

डिसक्लेमर: यह रिसर्च रिपोर्ट अधिकृत प्राप्तकर्त्ता की व्यक्तिगत सूचना के लिए है और इसका निवेशक के किसी निवेश, विधिक एवं कर संबंधी परामर्श से संबंध नही हैं । यह केवल प्राइवेट सर्कुलेशन एवं उपयोग के लिए है। यह रिपोर्ट विश्वस्त सूचनाओं पर आधारित है लेकिन यह पूरी तरह सही और पूर्ण है, ऐसा जरूरी नही और इस पर पूरी तरह भरोसा नही किया जाना चाहिए । रिपोर्ट के कन्टेन्ट के आधार पर कोई कार्य नही किया जा सकता है । इस रिपोर्ट को एसएमसी से लिखित आज्ञा के बिना किसी भी रूप में नकल एवं किसी भी अन्य व्यक्ति को पुन: वितरण नही किया जाना चाहिए। इस सामग्री का कन्टेन्ट सामान्य है और यह न तो पूरी तरह से व्यापक है और न विस्तृत है। इस रिपोर्ट के आधार पर उठाये गये किसी कदम से होने वाली क्षति या नुकसान के लिए न तो एसएमसी और न इसका कोई संबंधी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी को उत्तरदायी ठहराया जाना चाहिए । यह कोई व्यक्तिगत अनुमोदन नही करता या किसी खास निवेश उद्देश्य, वितीय स्थिति या किसी व्यक्तिगत ग्राहक या कॉरपोरेट या सत्ता की जरूरतों को लेकर नही चलता है । सभी निवेश जोखिमपूर्ण होते है एवं पिछला प्रदर्शन भविष्य के किसी प्रदर्शन की गारन्टी नही देता है। निवेश की वैल्यू और उससे प्राप्त आमदनी एक निश्चित समय में उपलब्ध कुछ बड़े एवं सूक्ष्म कारकों के बदलाव पर निर्भर कर सकती है। निवेश का निर्णय लेते समय किसी भी व्यक्ति को अपने विवेक का इस्तेमाल करना चाहिए ।

कृपया ध्यान रखें कि हम या हमारा कोई अधिकारी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी, जो भी इस रिपोर्ट को बनाने या भेजने में शामिल है उसकी (अ)समय-समय पर किसी भी कमोडिटीज में, जिनका इस रिपोर्ट में जिक्र किया गया है, खरीद या बिक्री, कोई भी पोजिशन हो सकती है और वह इस कमोडिटीज को खरीद या बिक्री कर सकता है या (ब) साथ ही साथ वह इन कमोडिटीज के किसी भी प्रकार के सौदों में और ब्रोकरेज या अन्य प्रकार के प्रतिकर में अथवा बाजार निर्माण में शामिल हो सकता है, (स) इस रिपोर्ट में दिए गये सुझावों और संबंधित सूचनाओं एवं विचारों के संदर्भ में इनका अपना कोई भी निहित स्वार्थ या विवाद हो सकता है । सभी विवादों का निपटारा अंतिम रूप से दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीन होगा ।